# जेंडर चैम्पियंस अभिविन्यास कार्यक्रम

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से विश्वविद्यालय परिसर को जेंडर संवेदनशील बनाए जाने के लिए महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा सत्र 2019-20 के चयनित जेंडर चैम्पियंस का स्वागत एवं पूर्व जेंडर चैम्पियंस के प्रमाण-पत्र वितरण का कार्यक्रम शुक्रवार दिनांक 05-07-2019 को कुलपति कार्यालय में आयोजित किया गया।



जेंडर संवेदनशीलता समिति की संयोजक डॉ. सुप्रिया पाठक ने इस कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत करते हुए माननीय कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल से वर्तमान एवं पूर्व जेंडर चैम्पियंस को परिचित कराया साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में जेंडर संवेदनशीलता को लेकर लोगों की जागरूकता और सक्रियता के बारे में भी अपनी बात रखी।



कार्यक्रम की अगली कड़ी में वर्तमान जेंडर चैम्पियंस शिवानी अग्रवाल, दीप्ति शर्मा, आनंद साहू एवं गौरव कुमार को माननीय कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल ने पहचान-पत्र और बैज देकर स्वागत किया। कुलपति महोदय ने पूर्व जेंडर चैम्पियंस भावना मासीवाल, गुंजन सिंह, मनोज कुमार गुप्ता एवं राजू कुमार को उनके कार्य प्रोत्साहन हेतु प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया। कुलपति महोदय ने अपने वक्तव्य में विश्वविद्यालय परिसर को जेंडर संवेदनशीलता की दिशा में एक रोल मॉडल के रूप में विकसित करने की बात कही और चयनित जेंडर चैम्पियंस से इस बात उम्मीद भी जताई कि वे इस दिशा में कार्य करेंगे।

